

दिल्ली पुलिस
शांति सेवा न्याय


# यातायात निर्देशिका




## यातायात व्यवस्था – गणतंत्र दिवस समारोह – 26 जनवरी, 2023

### परेड का मार्गः विजय चौक–कर्तव्यपथ–'सी'–हेक्सागन–R/A नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा–तिलक मार्ग–बहादुर शाह ज़फर मार्ग–नेताजी सुभाष मार्ग–लाल किला

**गणतंत्र दिवस 26 जनवरी, 2023 को मनाया जाएगा। परेड 1030 बजे विजय चौक से प्रारंभ होगी और लाल किला मैदान पर समाप्त होगी। इंडिया गेट पर 0930 बजे इससे संबंधित कार्यक्रम होगा। मार्ग पर परेड के सुचारू संचालन के लिए विस्तृत यातायात व्यवस्था और प्रतिबंध होंगे।**




दिल्ली यातायात पुलिस ने गणतंत्र दिवस परेड के बारे में जानकारी देने के लिए QR Code भी विकसित किया है।

परेड के सुचारू संचालन के लिए परेड मार्ग से जुड़ी कुछ सड़कों पर यातायात का आवागमन निम्नानुसार प्रतिबंधित रहेगा:

(1) विजय चौक से इंडिया गेट तक कर्तव्यपथ पर 25.01.2023 को 1800 बजे से परेड की समाप्ति तक यातायात प्रतिबंधित रहेगा।

(2) रफी मार्ग, जनपथ, मान सिंह रोड पर 25.01.2023 को 2200 बजे से परेड की समाप्ति तक कर्तव्यपथ की ओर यातायात की अनुमति नहीं होगी।

(3) 'सी'–हेक्सागन–इंडिया गेट 26.01.2023 को 0915 बजे से परेड के तिलक मार्ग पार करने तक यातायात के लिए बंद रहेगा।

(4) 26.01.2023 को 1030 बजे से तिलक मार्ग, बीएसजेड मार्ग और सुभाष मार्ग पर दोनों दिशाओं में यातायात की अनुमति नहीं होगी। परेड के आवागमन के आधार पर ही यातायात को मुड़ने की अनुमति दी जाएगी।

सड़क उपयोगकर्ताओं से अनुरोध है कि वे अपनी सुविधा के लिए पहले ही अपनी यात्रा की योजना बना लें और 0930 बजे से 1300 बजे तक परेड मार्ग पर जाने से बचें।

## सुझाए गए मार्ग

तथापि, यदि यात्रा करना जरूरी हो तो सड़क उपयोगकर्ताओं को सलाह दी जाती है कि वे निम्नलिखित मार्गों का उपयोग करें:

### उत्तर–दक्षिण कॉरीडोर

- रिंग रोड–आश्रम चौक–सराय काले खां–आई.पी. फ्लाईओवर–राजघाट–रिंग रोड।
- मदरसा से–लोधी रोड 'टी' प्वाइंट–अरबिन्दो मार्ग–एम्स चौक–रिंग रोड–धौला कुआं–वंदे मातरम मार्ग–शंकर रोड–पार्क स्ट्रीट या मंदिर मार्ग।

### पूर्व–पश्चिम कोरीडोर

- रिंग रोड–भैरों रोड–मथुरा रोड–सुब्रमणियम भारती मार्ग–राजेश पायलट मार्ग–पृथ्वी राज रोड–सफदरजंग रोड–कमल अतातुर्क मार्ग–पंचशील मार्ग–सिमोन बॉलीवर मार्ग–अपर रिज रोड/वंदे मातरम मार्ग।

या

- रिंग रोड–आईएसबीटी–चंदगी राम अखाड़ा–माल रोड–आजादपुर–रिंग रोड।
- रिंग रोड–भैंरो रोड–मथुरा रोड–लोधी रोड–अरबिन्दो मार्ग–सफदरजंग रोड–तीन मूर्ति मार्ग–मदर टेरेसा क्रीसेंट–पार्क स्ट्रीट–शंकर रोड–वंदे मातरम मार्ग।

### नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के लिए

- **दक्षिण दिल्ली से** : धौला कुआं–वंदे मातरम मार्ग–पंचकुईया रोड–आउटर सर्किल कनाट प्लेस–चेल्मस्फोर्ड रोड पहाड़गंज की तरफ या मिन्टो रोड–भवभूति मार्ग अजमेरी गेट की तरफ।
- **पूर्वी दिल्ली से** : आईएसबीटी ब्रिज होते हुए बुलेवार्ड रोड–रानी झांसी फ्लाईओवर–R/A झंडेवालान–डी. बी. गुप्ता रोड– शीला सिनेमा रोड–पहाड़गंज ब्रिज होते हुए नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पहुंचें ।

### पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन के लिए

- **दक्षिण दिल्ली से** : रिंग रोड–आश्रम चौक–सराय काले खां–रिंग रोड–राजघाट–रिंग रोड–चौक यमुना बाजार–एस.पी. मुखर्जी मार्ग–छत्ता रेल–कोड़िया पुल होते हुए पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन पहुंचें।

हालांकि, उत्तरी दिल्ली के लोगों के लिए नई दिल्ली रेलवे स्टेशन या पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन की ओर जाने पर कोई प्रतिबंध नहीं होगा फिर भी यह सलाह दी जाती है कि वे अपनी यात्रा की योजना पहले से बना लें और संभावित देरी से बचने एवं अपने गंतव्य पर समय पर पहुंचने के लिए पर्याप्त समय लेकर चलें।

### बस समाप्ति स्थान

सिटी बस सेवाओं का आवागमन निम्नलिखित स्थानों पर समाप्त हो जाएगा।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | पार्क स्ट्रीट/उद्यान मार्ग | 2. | आराम बाग रोड (पहाड़गंज) |
| 3. | R/A कमला मार्केट | 4. | दिल्ली सचिवालय (आईजी स्टेडियम) |
| 5. | प्रगति मैदान (भैरों रोड) | 6. | हनुमान मंदिर (यमुना बाजार) |
| 7. | मोरी गेट | 8. | आईएसबीटी कश्मीरी गेट |
| 9. | आईएसबीटी सराय काले खां | 10. | तीस हजारी कोर्ट |

**अंतर्राज्यीय बसें**

(I) गाजियाबाद से शिवाजी स्टेडियम आने वाली बसें एनएच–24, रिंग रोड होते हुए आयेंगी और भैरों रोड पर समाप्त होंगी।

(II) एनएच–24 से आने वाली बसें रोड नं. 56 पर दाई ओर मुड़ेंगी और आईएसबीटी आनन्द विहार पर समाप्त होंगी।

(III) गाजियाबाद की तरफ से आने वाली बसें मोहन नगर पर वजीराबाद पुल के लिए भोपुरा चुंगी की तरफ मोड़ दी जाएंगी।

(IV) धौलाकुआं की तरफ से आने वाली सभी अंतर्राज्यीय बसें धौलाकुआं में समाप्त होंगी।

### मेट्रो सेवाएं

।आमंत्रित व्यक्तियों और टिकट धारकों से अनुरोध है कि वे कर्तव्यपथ पर पहुंचने के लिए मेट्रो सेवाओं का अधिकतम उपयोग करें। 26 जनवरी, 2023 को गणतंत्र दिवस परेड के दौरान सभी मेट्रो स्टेशनों पर यात्रियों के लिए मेट्रो रेल सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। यद्यपि, निम्नलिखित समय–सारणी के अनुसार नीचे वर्णित स्टेशनों पर केवल आमंत्रित व्यक्तियों/टिकट धारकों को चढ़ने/उतरने की अनुमति होगी :

| मेट्रो स्टेशन का नाम | आमंत्रित व्यक्तियों/टिकट धारकों को चढ़ने/उतरने की अनुमति |
|---|---|
| केन्द्रीय सचिवालय | 0500 बजे से 1400 बजे तक |
| उद्योग भवन | 0500 बजे से 1400 बजे तक |

### आम जनता के लिए निर्देश

किसी भी लावारिस वस्तु या संदिग्ध व्यक्ति को देखने पर तुरंत अपने नजदीक ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी को सूचित करें। 15.02.2023 तक राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के क्षेत्राधिकार के ऊपर उप पारंपरिक एरियल प्लेटफार्म जैसे पैरा–ग्लाइडर्स, पैरा मोटर्स, हैंग ग्लाइडर्स, यूएवी, यूएएस, माइक्रोलाइट एयरक्राफ्ट, रिमोट द्वारा चालित एयरक्राफ्ट, हॉट एयर बैलून, छोटे आकार के संचालित एयरक्राफ्ट, क्वाडकॉप्टर्स उड़ाना या एयरक्राफ्ट आदि से पैरा जम्पिंग करना प्रतिबंधित है।

आम जनता और वाहन चालकों से अनुरोध है कि संयम बनाए रखें और यातायात के नियमों का पालन करें तथा सड़क पर अनुशासन बनाए रखें और सभी चौराहों पर तैनात ट्रैफिक पुलिसकर्मियों के निर्देशों का पालन करें और ट्रैफिक पुलिस फेसबुक पेज, ट्विटर हैंडल और ट्रैफिक पुलिस हेल्पलाइन के माध्यम से अपडेट रहें। आम जनता से अनुरोध है कि किसी भी असुविधा से बचने के लिए वे अपनी यात्रा की योजना पहले से बनाएं और पर्याप्त समय लेकर चलें।

### टीएसआर/टैक्सी

26.01.2023 को 0700 बजे के बाद किसी भी टीएसआर एवं टैक्सी को सीमाबद्ध क्षेत्र में प्रवेश या चलने की अनुमति नहीं दी जाएगी :

**मदर टेरेसा क्रीसेंट–बाबा खड़क सिंह मार्ग–अशोका रोड R/A पटेल चौक तक–संसद मार्ग टॉलस्टॉय मार्ग तक–टॉलस्टॉय मार्ग कस्तूरबा गांधी मार्ग तक–कस्तूरबा गांधी मार्ग फिरोजशाह रोड तक–फिरोजशाह रोड R/A मंडी हाउस तक–भगवान दास रोड–मथुरा रोड–सुब्रमणियम भारती मार्ग–हुमांयू रोड–ए.पी. जे. अब्दुल कलाम मार्ग–कमल अतातुर्क मार्ग–कौटिल्य मार्ग और सरदार पटेल रोड (छोड़कर)।**

### एचटीवी/एलजीवी

25.01.2023 को 2100 बजे से परेड समाप्त होने तक बार्डर से किसी भी एचटीवी/एलजीवी को दिल्ली में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

26.01.2023 को 0730 बजे से 1330 बजे तक रिंग रोड पर आई.एस.बी.टी. सराय काले खां और आई.एस.बी.टी. कश्मीरी गेट के बीच किसी भी एचटीवी/एलजीवी को चलने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

DP/9476/2023

ट्रैफिक प्रहरी बनें | Google play | App Store से एप डाउनलोड करें | 24 घंटे ट्रैफिक हेल्पलाइन : 011-25844444/1095 | पुलिस को सूचना देने के लिए कॉल करें 1090 | तुरंत पुलिस सहायता पाने के लिए 112 पर कॉल करें